झारखण्ड सरकार

झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

पत्रांक :– रा0खा0आ0 (शि0)–10/2022 – 917

प्रेषक,

संजय कुमार
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

सेवा में,

सचिव
खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग,
झारखण्ड, राँची।

राँची, दिनांकः– 02.12.2022

विषयः– **एफ0 सी0 आई0 गोदाम में रखी गई 132 क्वीन्टल चीनी खराब हो जाने संबंधी प्रकाशित समाचार पर कार्रवाई के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि दैनिक समाचार पत्र "प्रभात खबर" में दिनांक–23.11.2022 को "एफ0 सी0 आई0 में रखी 132 क्वीन्टल चीनी खराब" शीर्षक अन्तर्गत समाचार प्रकाशित हुआ है। प्रकाशित समाचार के अनुसार चतरा जिले के सदर प्रखण्ड कार्यालय के समीप स्थित एफ0 सी0 आई0 गोदाम में रखी 132 क्वीन्टल चीनी खराब हो जाने का उल्लेख है। यह भी उल्लेखित है कि चीनी का वितरण नहीं किये जाने के कारण गोदाम में रखी चीनी बर्बाद हो गई।

अतः उक्त प्रकाशित समाचार के कतरन की प्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुए अनुरोध है कि उक्त मामले में आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन

2/12/22

(संजय कुमार)
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

C:\Users\PC-06\Dropbox\Anju\Vinod Sir.docx321

पता–झारखण्ड राज्य आवास बोर्ड के पुराने भवन का द्वितीय तल, हरमू हाउसिंग कॉलोनी, राँची–834002
email-jharfoodcommission@gmail.com, Ph. No:-06512252267/2252261

(106)

प्रभात खबर
दिनांक 23.11.2022

1020
24.11.22

एफसीआई में रखी 132 क्विंटल चीनी खराब

चतरा. एक ओर सरकार गरीबों को अनाज के साथ-साथ चीनी भी दे रही है, वहीं विभागीय लापरवाही के कारण सदर प्रखंड कार्यालय के समीप स्थित एफसीआई गोदाम में रखी 132 क्विंटल चीनी बर्बाद हो गयी. कई बोरी चीनी जमीन पर ही जम कर मोटी परत बना चुकी है. चीनी अंत्योदय योजना के लाभुकों के बीच बांटने के लिए मिली थी, लेकिन विभागीय लापरवाही के कारण गोदाम में ही बर्बाद हो गयी. मालूम हो कि पीला कार्डधारियों को हर माह सरकार की ओर से एक किलो चीनी देने का प्रावधान है. लेकिन विभागीय लापरवाही व कार्डधारियों को जानकारी नहीं होने के कारण चीनी का वितरण नहीं किया गया, जिसके कारण गोदाम में रखी चीनी बर्बाद हो गयी. इस संबंध में एजीएम नसीम अंसारी ने बताया कि बर्बाद चीनी पूर्व का है.

इसकी रिपोर्ट वरीय पदाधिकारियों को दी गयी है. जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी ने कहा कि गोदाम में रखी चीनी खराब क्यों हुई और इसे क्यों नहीं वितरित किया गया, इसकी जानकारी ली जायेगी. चीनी बर्बाद होने की जांच की जायेगी. दोषी पाये जानेवालों पर कार्रवाई की जायेगी.